102212

अनुक्रमांक / Roll No.

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक यहाँ लिखें।

Candidate should write his/her Roll No. here.

कुल प्रश्नों की संख्या : 3+3

Total No. of Questions : 3+3

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 15

No. of Printed Pages : 15

# M–2018–I

## सामान्य अध्ययन

## GENERAL STUDIES

### प्रथम प्रश्न-पत्र

### FIRST PAPER

SEAL

समय : 3 घंटे ]

Time : 3 Hours ]

[ पूर्णांक : 300 (खण्ड–अ 150 + खण्ड–ब 150)

[ Total Marks : 300 (Part–A 150 + Part–B 150)

***परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :***

***Instructions to the Candidates :***

इस प्रश्न-पत्र में खण्ड–अ एवं खण्ड–ब हैं। प्रत्येक खण्ड *150* अंकों का है।

This question paper consists of Part–A and Part–B. Each part carries *150* marks.

1. इस प्रश्न-पत्र के प्रत्येक खण्ड में कुल **तीन** प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्नों के उत्तर देना आवश्यक है। प्रश्न संख्या **2** तथा **3** में आंतरिक विकल्प हैं। प्रश्न संख्या **2** में शब्द-सीमा *100* शब्द है तथा प्रश्न संख्या **3** में शब्द-सीमा *300* शब्द है।

   Each part of this question paper consists of **three** questions. **All** questions are compulsory. Question Nos. **2** and **3** have internal choices. For Question No. **2** word limit is *100* words and for Question No. **3** word limit is *300* words.



Scanned by CamScanner

2. प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका चयन आपने अपने आवेदन-पत्र में किया है। किसी अन्य माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेगा। **सभी तीन** प्रश्न करना अनिवार्य है। प्रश्न-पत्र के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार दें। एक ही प्रश्न के विभिन्न भागों के उत्तर अनिवार्य रूप से एक साथ ही लिखे जाएँ तथा उनके बीच अन्य प्रश्नों के उत्तर न लिखे जाएँ।

Answers should be written in the medium which you have opted in your Application Form. No marks will be awarded, if the answer is written in any other medium. **All** the **three** questions must be answered. Questions should be answered exactly in order in which they appear in the question paper. Answers to the various parts of the same question should be written together compulsorily and answers of other questions should not be inserted between them.

3. प्रथम प्रश्न अति लघु-उत्तरीय है, जिसमें **पंद्रह** अनिवार्य प्रश्न हैं। प्रत्येक का उत्तर *1* अथवा *2* पंक्तियों में देना है।

The first question is of very short answer-type consisting of **fifteen** compulsory questions. Each one is to be answered in *1* or *2* lines.

4. जहाँ शब्द-सीमा दी गई है उसका पालन अवश्य करें।

Wherever word limit has been given, it must be adhered to.

5. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपांतरण में से अंग्रेजी रूपांतर को मानक माना जाएगा।

In case there is any error of printing or factual nature, then out of the Hindi and English versions of the question, the English version will be treated as standard.



Scanned by CamScanner

## खण्ड–अ / Part—A

**1.** इस प्रश्न में *(a)* से *(o)* तक कुल **15** अति लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं जिनके उत्तर *1* या *2* पंक्तियों में देना है। आन्तरिक विकल्प नहीं है। प्रत्येक प्रश्न *3* अंकों का है। 3×15=45

This question consists of **15** very short answer-type questions from *(a)* to *(o)*. Each question is to be answered in *1* or *2* lines. There is no internal choice. Each question carries *3* marks.

*(a)* कण्व वंश

Kanva Dynasty

*(b)* गौतमीपुत्र शातकर्णी

Gautamiputra Satakarni

*(c)* मौखरी राजवंश

Maukharis

*(d)* रेहेला

Rehela

*(e)* राजकुमार शुक्ल

Rajkumar Shukla



Scanned by CamScanner

(f) जैकोबिन

Jacobins

(g) इरैज़्मस

Erasmus

(h) एमिले

Emile

(i) ज़ार ऐलेग्ज़ेंडर द्वितीय

Czar Alexander II

(j) टॉमस ब्रासी

Thomas Brassey

(k) खिज़्र खाँ

Khijra Khan

(l) तुलुव वंश

Tuluva Dynasty



Scanned by CamScanner

*(m)* शहाबुद्दीन उमर

Shahabuddin Umar

*(n)* रज़िया बेगम

Razia Begum

*(o)* निउली की संधि

Treaty of Neuilly

**2.** निम्नलिखित में से किन्हीं **10** प्रश्नों के उत्तर लिखिए (प्रत्येक लगभग *100* शब्दों में) : 6×10=60

Write the answers of any **10** of the following questions in about *100* words each :

*(a)* यूरोपीय पुनर्जागरण में माइकेलऐन्जेलो के योगदानों को रेखांकित कीजिए।

Sketch the contributions of Michelangelo in European Renaissance.

*(b)* सन् 1688 ई० की इंगलैंड की गौरवपूर्ण क्रांति या रक्तहीन क्रांति के कारणों को उजागर कीजिए।

Highlight the causes of the Glorious or Bloodless Revolution of England in 1688.



Scanned by CamScanner

(c) भारत में बौद्धधर्म के उदय की सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालिए।

Throw light on the socio-economic background of the rise of Buddhism in India.

(d) ई० पू० छठी शताब्दी में उत्तर भारत की राजनीतिक दशा पर प्रकाश डालिए।

Throw light on the political conditions of Northern India during sixth century BC.

(e) फिरोजशाह तुगलक के जनकल्याणकारी कार्यों का वर्णन कीजिए।

Describe the public welfare activities of Firuzshah Tughluq.

(f) दीन-ए-इलाही के स्वरूप एवं इसके महत्त्व का उल्लेख कीजिए।

Discuss the nature and significance of *Din-i-Ilahi.*

(g) 'आर्थिक दोहन' की व्याख्या कीजिए तथा इसके कारणों की समीक्षा कीजिए।

Explain 'economic drain' and discuss its causes.

(h) बिरसा मुंडा आन्दोलन का एक संक्षिप्त विवरण दीजिए।

Give a brief account of the Birsa Munda Movement.



Scanned by CamScanner

*(i)* कुंवर सिंह पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

Write a short note on Kunwar Singh.

*(j)* रामकृष्ण मिशन के सामाजिक तथा शैक्षणिक योगदानों का सविस्तार वर्णन कीजिए।

Discuss the social and educational contributions of Ramkrishna Mission in detail.

*(k)* मध्य प्रदेश के विश्व धरोहर स्थलों का संक्षेप में विवरण दीजिए।

Describe the World Heritage Sites of Madhya Pradesh in brief.

*(l)* जगनिक के साहित्यिक योगदानों पर प्रकाश डालिए।

Throw light on the literary contributions of Jaganik.

**3.** निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए (प्रत्येक लगभग *300* शब्दों में)। प्रत्येक प्रश्न का आंतरिक विकल्प है : 15×3=45

Answer any *three* of the following questions in about *300* words each. Each question has internal choice :

*(a)* 1789 ई० की फ्रांसीसी क्रांति के सामाजिक एवं आर्थिक कारणों की विवेचना कीजिए।

Discuss the socio-economic causes of the French Revolution of 1789.

***अथवा / Or***

1919 ई० की सन्धि की खामियाँ द्वितीय विश्व युद्ध के लिए कहाँ तक उत्तरदायी थीं?

To what extent is it correct to ascribe the outbreak of the Second World War to the defects of the Treaty of 1919?

(b) राजपूत-कालीन सामाजिक संरचना की विवेचना कीजिए।

Examine the social structure under the Rajputs.

*अथवा / Or*

हर्षवर्धन के इतिहास के प्रमुख स्रोतों का उल्लेख कीजिए।

Mention the important sources of the history of Harshavardhana.

(c) 1857 ई० के विद्रोह की असफलता के कारणों को चिह्नित कीजिए तथा इसके महत्त्व पर प्रकाश डालिए।

Trace the causes of failure of the Revolt of 1857 and throw light on its importance.

*अथवा / Or*

भारत में राष्ट्रवाद के उदय और विकास पर एक निबंध लिखिए।

Write an essay on rise and growth of Nationalism in India.

(d) भोज परमार (1010–1055) की राजनीतिक तथा सांस्कृतिक उपलब्धियों का मूल्यांकन कीजिए।

Evaluate the political and cultural contributions of Bhoj Paramara (1010–1055).

*अथवा / Or*

मध्य प्रदेश के झंडा सत्याग्रह आन्दोलन पर प्रकाश डालिए।

Throw light on the Flag Satyagraha Movement of Madhya Pradesh.



Scanned by CamScanner

## खण्ड–ब / Part—B

1. इस प्रश्न में *(a)* से *(o)* तक कुल **15** अति लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं जिनके उत्तर *1* या *2* पंक्तियों में देना है। आन्तरिक विकल्प नहीं है। प्रत्येक प्रश्न *3* अंकों का है। 3×15=45

This question consists of **15** very short answer-type questions from *(a)* to *(o)*. Each question is to be answered in *1* or *2* lines. There is no internal choice. Each question carries *3* marks.

*(a)* विंध्याचल पर्वत-शृंखला किन पर्वतों का समूह है?

Vindhyachal mountain range comprises of which hills?

*(b)* समप्राय भूमि क्या है?

What is Peneplain?

*(c)* पेण्डा कृषि से क्या अभिप्राय है?

What do you mean by Penda Agriculture?

*(d)* मध्य प्रदेश के तीन ताप-विद्युत् केन्द्रों के नाम बताइए।

Give three names of thermal power stations of Madhya Pradesh.

*(e)* तापी (ताप्ती) नदी के उद्गम-स्थल का नाम बताइए।

Name the origin place of Tapi river.



Scanned by CamScanner

(f) 'मंगला' किस आर्थिक क्रिया के लिए प्रसिद्ध है?

'Mangla' is famous for which economic activity?

(g) भारत के प्रमुख बॉक्साइट उत्पादक राज्यों के नाम बताइए।

Mention the key bauxite producing States of India.

(h) 'अल्लाह बाँध' क्या है?

What is 'Allah Bund'?

(i) 'लू' क्या है?

What is 'Loo'?

(j) मध्य प्रदेश के हीरा उत्पादक क्षेत्र के बारे में लिखिए।

Write about diamond producing area of Madhya Pradesh.

(k) 'एटॉल' क्या है?

What is 'Atoll'?

(l) मध्य प्रदेश के कागज उद्योग के प्रमुख केन्द्रों के नाम बताइए।

Give names of important centres of paper industry of Madhya Pradesh.



Scanned by CamScanner

*(m)* अपभू तथा उपभू ज्वार को परिभाषित कीजिए।

Define Apogean and Perigean Tides.

*(n)* 2001 से 2011 के दशक में मध्य प्रदेश में शिशु जनसंख्या वृद्धि दर क्या थी?

What was infant population growth rate of Madhya Pradesh between 2001 to 2011?

*(o)* उत्तराखण्ड (केदारनाथ) में आकस्मिक बाढ़ कब और क्यों उत्पन्न हुई?

When and why did sudden flood occur in Uttarakhand (Kedarnath)?

**2.** निम्नलिखित में से किन्हीं **10** प्रश्नों के उत्तर लिखिए (प्रत्येक लगभग *100* शब्दों में) : 6×10=60

Write the answers of any **10** of the following questions in about *100* words each :

*(a)* प्लेट विवर्तनिकी सिद्धान्त के आधार पर हिमालय पर्वत की उत्पत्ति को समझाइए।

Explain the origin of Himalayas on the basis of Plate Tectonics theory.

*(b)* मध्य प्रदेश में कुओं एवं नलकूपों द्वारा सिंचाई का सर्वाधिक विकास किन क्षेत्रों में हुआ है तथा इसके क्या कारण हैं?

In which areas of Madhya Pradesh, maximum development of irrigation by wells and tubewells has taken place and what are its causes?



Scanned by CamScanner

(c) जल संरक्षण के पारम्परिक तरीके कौन-से हैं? इनसे कौन-सी आवश्यकताएँ पूर्ण की जा सकती हैं?

What are the traditional methods of water conservation? Which requirements can be fulfilled by these?

(d) आपदा प्रबन्धन में राहत एवं पुनर्वास के लिए किये जाने वाले उपायों का उल्लेख कीजिए।

Give the measures taken for relief and rehabilitation in disaster management.

(e) मध्य प्रदेश में जनसंख्या घनत्व के क्षेत्रीय प्रतिरूप का वर्णन कीजिए।

Describe the regional pattern of population density in Madhya Pradesh.

(f) भारत के बाढ़-प्रभावित क्षेत्रों का वर्णन कीजिए।

Describe flood-affected areas of India.

(g) मध्य प्रदेश के डोलोमाइट खनन क्षेत्रों का वर्णन कीजिए।

Describe the dolomite mining areas of Madhya Pradesh.

(h) मध्य प्रदेश की मिट्टियों की प्रमुख विशेषताएँ बताइए।

Describe the main characteristics of soils of Madhya Pradesh.



Scanned by CamScanner

(i) मध्य प्रदेश की जनसंख्या वृद्धि दर (1901–2011) का वर्णन कीजिए।

Describe the population growth rate (1901–2011) of Madhya Pradesh.

(j) ग्रामों से नगरों की ओर प्रवास के प्रमुख कारण क्या हैं?

What are the major factors of migration from villages to cities?

(k) हिन्द महासागर में आयी 2004 की सुनामी के कारण एवं परिणामों का वर्णन कीजिए।

Describe the factors and consequences of 2004 Tsunami in Indian Ocean.

(l) मध्य प्रदेश में सोयाबीन उत्पादक क्षेत्रों का वर्णन करते हुए इसके तीव्र विस्तार के कारण बताइए।

Describing the soya bean producing areas of Madhya Pradesh, give the factors for its rapid expansion.

(m) मध्य प्रदेश में सीमेन्ट उद्योग के स्थानीयकरण का विस्तृत वर्णन कीजिए।

Give detailed account of localization of cement industry in Madhya Pradesh.

(n) मध्य प्रदेश में मिट्टी अपरदन की समस्या से ग्रस्त क्षेत्रों का विवरण देते हुए मिट्टी अपरदन को रोकने के उपाय बताइए।

Give account of areas of Madhya Pradesh which are affected by soil erosion and give measures to prevent soil erosion.



Scanned by CamScanner

(o) मध्य प्रदेश के जल संसाधनों की समस्याओं का वर्णन कीजिए।

Describe the problems of water resources in Madhya Pradesh.

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए (प्रत्येक लगभग *300* शब्दों में) : 15×3=45

Answer any *three* of the following questions in about *300* words each :

(a) भारत में शुष्क कृषि के प्रमुख क्षेत्रों का वर्णन करते हुए उनकी समस्याएँ एवं विकास के उपाय बताइए।

Discuss main areas of dry farming in India, their problems and strategy for development.

(b) मध्य प्रदेश के कृषि-जलवायु प्रदेशों का वर्णन कीजिए।

Describe agro-climatic regions of Madhya Pradesh.

(c) मध्य प्रदेश के कृषि-आधारित उद्योगों का वर्णन कीजिए।

Describe agro-based industries of Madhya Pradesh.

(d) भूकम्प उत्पन्न होने के विभिन्न कारणों का वर्णन करते हुए 2001 में कच्छ में हुए भूकम्प का विवरण दीजिए।

Describing various causes of origin of earthquakes, give detailed account of 2001 earthquake of Kutch.



Scanned by CamScanner

(e) मध्य प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों का उल्लेख करते हुए उनकी समस्याओं का वर्णन कीजिए।

Mentioning the tribal areas of Madhya Pradesh, describe their problems.

★★★



Scanned by CamScanner